**खबर संक्षेप**

### सामुदायिक भवन लखेरा में कल लगेगा शिविर

**कटनी।** नगर निगम सीमा क्षेत्र के विभिन्न वार्डो हेतु 16 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक संकल्प से समाधान अभियान के द्वितीय चरण के तहत जोनवार आयोजित होने वाले विशेष शिविरों के तहत सोमवार 9 मार्च को प्रातः 11 बजे से वार्ड क्रमांक 30 से 34 तक एवं वार्ड क्रमांक 37 हेतु जोन क्रमांक 5 खेरमाई सामुदायिक भवन लखेरा में शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के दौरान नागरिकों एवं जरूरतमंद एवं पात्र हितग्राहियों को शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं एवं सेवाओं से लाभान्वित करने की कार्यवाही की जाएगी। इस हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत 31 मार्च तक आयोजित किए जाने वाले शिविरों की आगामी 9 मार्च को वार्ड क्रमांक 30 से 34 तक एवं वार्ड क्रमांक 37 हेतु जोन क्रमांक 5 खेरमाई सामुदायिक भवन लखेरा एवं 16 मार्च को वार्ड क्रमांक 38 से 45 तक के लिए जोन क्रमांक 6 उपकार्यालय माधव नगर में शिविर का आयोजन किया जायेगा। प्रत्येक शिविर हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाकर निगम के विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### जैविक हाट बाजार आज

**कटनी।** जिला अस्पताल के सामने नगर निगम मुडवारा सब्जी मंडी में प्रत्येक रविवार की भांति इस रविवार को भी ताज़ी हरी सब्जियों का जैविक हाट बाजार लगेगा। इस हाट में जिले भर के वे कृषक भाग लेंगे, जो रसायनमुक्त एवं प्राकृतिक पद्धति से खेती कर रहे हैं। किसान अपने ताजे एवं प्रमाणित जैविक उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध कराएंगे। जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग की इस पहल का उद्देश्य जैविक उत्पादों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना तथा उपभोक्ताओं और जैविक खेती करने वाले किसानों के बीच सीधा संवाद एवं विश्वास का सेतु तैयार करना है। इस आयोजन से जहां नागरिकों को शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद उपलब्ध होंगे, वहीं किसानों को भी अपने उत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त होगा। साथ ही अन्य कृषक भी जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित होंगे, जिससे स्वस्थ समाज और सशक्त किसान की दिशा में सार्थक कदम बढ़ाया जा सके।

### धनवाही में संकीर्तन 10 मार्च को होगा

**सिलौंडी।** सिलौंडी के समीपवर्ती ग्राम धनवाही के प्रसिद्ध घुघरा में एक दिवसीय संकीर्तन होगा जिसमें संत बच्चू महाराज का 10 मार्च को आगमन होगा। महाराज के मार्गदर्शन में संकीर्तन कन्या भोज और विशाल भंडारा का आयोजन होगा जिसमें पूरे जिले से भक्त शामिल होगे।

### कोर्ट परिसर में हंगामा

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जिला न्यायालय प्रांगण में आशू उर्फ अश्वनी तिवारी ने गालियां दीं और शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने धारा 296(बी), 351(2) और 132 BNS के तहत मामला दर्ज किया है।

### कटनी बिलासपुर रेलखंड के एनकेजे गायत्री नगर आउटर के पास हुई दुर्घटना

# हादसा: मालगाड़ी की पांच बोगियां पटरी से उतरी, कई ट्रेनों का परिचालन बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शनिवार सुबह कटनी-बिलासपुर रेल खंड पर कोयला लोड मालगाड़ी के करीब पांच डिब्बे पटरी से नीचे उतर गए। यह घटना कटनी के एनकेजे क्षेत्र के अंतर्गत गायत्री नगर आउटर के पास हुई है। इस घटना के बाद से इस व्यस्त रेल मार्ग पर आवागमन पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। जानकारी के अनुसार, बिलासपुर की ओर से आ रही कोयला लोड मालगाड़ी शनिवार सुबह लगभग 11 बजे कटनी पहुंचने वाली थी। इसी दौरान गायत्री नगर आउटर के पास ट्रेन के चार से अधिक डिब्बे पटरी से नीचे उतर गए। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

मालगाड़ी के वैगन बेपटरी होने की खबर मिलते ही रेल प्रशासन तुरंत अलर्ट मोड पर आ गया। मौके पर जीआरपी, आरपीएफ के जवानों के साथ रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और तकनीकी टीम पहुंच चुकी है। एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन की मदद से बेपटरी हुए डिब्बों को वापस ट्रैक पर लाने और रेल लाइन को दुरुस्त करने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है। इस दुर्घटना के कारण कटनी-



बिलासपुर मार्ग पर चलने वाली कई यात्री ट्रेनों के परिचालन पर असर पड़ा है। रूट बाधित होने की वजह से कुछ ट्रेनों को बीच के स्टेशनों पर रोका गया है, जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों का कहना है कि प्राथमिकता ट्रैक को जल्द से जल्द खाली कर यातायात बहाल करने के प्रयास किये जा रहे है।

मालगाड़ी की बोगियों के बेपटरी हो जाने के चलते बीना–बिलासपुर तथा सिंगरौली रेलखंड पर रेल परिचालन प्रभावित हुआ है। कई ट्रेनों को वैकल्पिक मार्ग यानी ग्रेड सेपरेटर से चलाया गया, जबकि कुछ ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनेट करना पड़ा।

#### परिवर्तित मार्ग से चलीं ट्रेनें

18009 संतरागाछी–अजमेर साप्ताहिक एक्सप्रेस अब कटंगी खुर्द और हरदुआ के बीच ग्रेड सेपरेटर मार्ग से होकर गुजरेगी।

11448 हावड़ा–जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस वाया न्यू कटनी जंक्शन–कटनी होकर जबलपुर पहुंचेगी।

11265 जबलपुर–अम्बिकापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस वाया कटनी–एनकेजे होकर अपने गंतव्य के लिए रवाना होगी।

11266 अम्बिकापुर–जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस वाया एनकेजे–कटनी होकर जबलपुर पहुंचेगी।

#### आंशिक रूप से निरस्त ट्रेनें

68747 बिलासपुर–कटनी मेमू को झलवारा स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है। 68748 कटनी–बिलासपुर मेमू झलवारा से शॉर्ट ओरिजिनेट की गई है।

61601 कटनी–चिरमिरी मेमू झलवारा से शॉर्ट ओरिजिनेट की गई है।

61602 चिरमिरी–कटनी मेमू झलवारा स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट की गई है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, जो एक बड़ी राहत की बात है। फिलहाल तकनीकी टीम ट्रैक को पूरी तरह दुरुस्त करने और बेपटरी डिब्बों को हटाने में जुटी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही रेल यातायात को पूरी तरह सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले ट्रेनों की स्थिति की जानकारी रेलवे की आधिकारिक पूछताछ सेवा एनटीईएस तथा रेल मदद 139 से प्राप्त कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।



## घर में घुसकर मारपीट करने वाले पांच बदमाशों का निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एनकेजे थाना क्षेत्र के रोशन नगर में होली के त्योहार पर शांति भंग करने और घर में घुसकर मारपीट करने वाले 5 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए क्षेत्र में उनका जुलूस निकालकर बदमाशों को कड़ा संदेश दिया कि कानून हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस के अनुसार घटना 4 मार्च की है जब रोशननगर निवासी एक युवती अपने परिजनों के साथ होली खेलने जा रही थी तभी किराना स्टोर के पास मोटरसाइकिल सवार सूरज रजक, देवा बंसल और पिन्टू बंसल ने उस पर जबरन रंग डाल दिया। जब युवती के भाई समीर और चचेरे भाई आकाश ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ जातिसूचक गाली-गलौज की और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। विवाद यहीं नहीं रुका बीच-बचाव करने आए कुशवाहा परिवार के घर में घुसकर इन उपद्रवियों ने लात-घूंसों और प्लास्टिक पाइप से जमकर मारपीट की। मामले की गंभीरता को देखते हुए कटनी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए जिसके बाद एन.के.जे. पुलिस ने घेराबंदी कर 5 मुख्य आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस (BNS) की विभिन्न धाराओं और एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

गिरफ्तार आरोपियों में सूरज रजक निवासी प्रेमनगर, देवा बंसल निवासी वंशकार मोहल्ला, मनीष बंसल निवासी वंशकार मोहल्ला, आदित्य उर्फ पिन्टू बंसल निवासी वंशकार मोहल्ला एवं अरमान खान निवासी प्रेमनगर शामिल हैं।

*महापौर ने सब्जी मंडी का निरीक्षण कर दुकानदारों से की चर्चा*

## गुरूनानक वार्ड में 19 लाख से सड़क डामरीकरण कार्य का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी


नगर के गुरुनानक वार्ड अंतर्गत सब्जी मंडी क्षेत्र में लंबे समय से सड़क की खराब स्थिति के कारण नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्रवासियों की इस समस्या को ध्यान में रखते हुए लगभग 19 लाख रुपये की स्वीकृत राशि से सड़क डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन शनिवार 7 मार्च को विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं क्षेत्रीय पार्षद प्रियंका बिट्टू एवं अन्य एमआईसी सदस्यों की मौजूदगी रही।



महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि गुरुनानक वार्ड की इस महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण से सब्जी मंडी आने वाले नागरिकों एवं व्यापारियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। क्षेत्रीय पार्षद प्रियंका बिट्टू ने बताया कि वार्डवासियों की मांग पर इस सड़क डामरीकरण कार्य को स्वीकृति दिलाई गई है। उन्होंने कहा कि सब्जी मंडी क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आते हैं, ऐसे में सड़क का निर्माण होने से स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों को काफी राहत मिलेगी। उक्त डामरीकरण कार्य झूलेलाल मंदिर मार्ग एवं सब्जी मंडी रोड पर कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र में आवागमन और अधिक सुगम हो सकेगा।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने क्षेत्रीय पार्षद प्रियंका बिट्टू के साथ सब्जी मंडी का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकानदारों से चर्चा कर सभी को व्यवस्थित रूप से दुकानें लगाने का आग्रह किया, ताकि मंडी क्षेत्र में स्वच्छता और आवागमन की व्यवस्था बेहतर बनी रहे।

## लापता युवक की खदान में लाश मिलने से मचा हड़कंप



रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मदन मोहन चौबे वार्ड में शनिवार को उस वक्त हड़कंप मच गया खदान में एक युवक का शव तैरता हुआ पाया गया। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को पानी से बाहर निकाला। मृतक की पहचान बादल कोल 28 वर्ष के रूप में हुई है जो पिछले तीन दिनों से लापता था। जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों द्वारा खदान में शव देखे जाने की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुँची रंगनाथ नगर पुलिस ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीआरएफ की टीम को बुलाया। काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर शव को पानी से बाहर निकाला गया। शिनाख्त होने पर पता चला कि मृतक इसी क्षेत्र का निवासी था और परिजन पिछले कई घंटों से उसकी तलाश कर रहे थे। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।

## थाना में पुलिस ने मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

पांच दिवसीय होली का पर्व इन दिनों चल रहा है, जिसका सिलसिला रंगपंचमी तक चलेगा। होलिका दहन के बाद से ही ग्रामीण अंचलो में होली मिलन समारोह आयोजित हो रहे है। शुक्रवार को बहोरीबंद थाना में पुलिस का होली मिलन समारोह आयोजित हुआ जहाँ क्षेत्र के युवाओ की टोली ने शिरकत की। जहाँ रंग - अबीर, गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। एक से बढ़कर एक फाग गीतों की धुन पर लोग थिरके व होली मिलन समारोह को सेलिब्रेट किया। पुलिस द्वारा मिलन समारोह मे स्वादिष्ट व्यंजन बनवाये गए जिनका स्वाद लोगों ने चखा।

थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत ओर एकता प्रतीक है। यह प्रेम ओर



विश्वास को बढ़ाने का अवसर देता है।

#### आज रंगपंचमी की मचेगी धूम

तहसील क्षेत्र स्लीमनाबाद में इन दिनों रंगोत्सव की धूम है। तहसील क्षेत्र के गाँवो में जगह-जगह फागोत्सव के आयोजन हो रहे हैं। गुलाल के साथ फूलों की होली खेली जा रही है। कहीं राधाकृष्ण संग रास तो कहीं होली के गीत गूंज रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को जगदीश धाम खिरहनी में फाग उत्सव मनाया गया। जगदीश धाम में फूलों से होली खेली। यहां श्रीकृष्ण-राधाजी की जीवंत झांकी सजाई गई। महिलाओं ने फाग गीतों पर रास किया। पूर्व सरपंच भागीरथ द्विवेदी ने कहा की सनातन संस्कृति में सभी त्यौहार सामाजिक समरसता, सौहार्द का प्रतीक होते है। होली का यह पर्व हमें आपसी मतभेद को मिटाकर स्नेह में रंगने का संदेश देता है।

आज मनाएंगे रंगपंचमी, सिंहवाहिनी मंदिर मे मचेगी धूम, रंगोत्सव की कड़ी में रविवार को रंगपंचमी का पर्व मनाया जाएगा।

*लाइनमेन दिवस पर प्रशस्ति पत्र से किया गया सम्मानित*

## लाईनमैन विद्युत विभाग की रीढ़, उनके बिना निर्बाध बिजली आपूर्ति संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में अहम भूमिका निभाने वाले लाइनमैनों के सम्मान में शनिवार को सहायक अभियंता कार्यालय स्लीमनाबाद में लाईनमैन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जहाँ लाइनमैनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सहायक अभियंता अभिषेक गढ़ेवाल, कनिष्ठ अभियंता सुमित सिन्हा, कनिष्ठ अभियंता कुलदीप सैय्याम सहित विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। सहायक अभियंता अभिषेक गढ़ेवाल ने अपने संबोधन में कहा कि लाइनमैन विद्युत विभाग की रीढ़



हैं और उनके बिना निर्बाध बिजली आपूर्ति की कल्पना संभव नहीं है।इस अवसर पर कर्मचारियों को विद्युत कार्यों के दौरान सुरक्षा, सतर्कता और सजगता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई।कनिष्ठ अभियंता सुमित सिन्हा ने कहा कि बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने में लाइनमैनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विपरीत परिस्थितियों में भी वे निरंतर कार्य कर उपभोक्ताओं तक बिजली पहुंचाने का दायित्व निभाते हैं। लाइनमैनों को कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग करना चाहिए। साथ ही मैदानी स्तर पर काम करते समय उपभोक्ताओं के साथ संयमित और शालीन व्यवहार बनाए रखना भी जरूरी है।वहीं कनिष्ठ अभियंता कुलदीप सैय्याम ने कहा कि लाइनमैन बिजली व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनके परिश्रम से ही उपभोक्ताओं को लगातार विद्युत आपूर्ति मिलती है! चाहे आंधी-तूफान हो, भारी बारिश हो या पसीने से तरबतर करने वाली गर्मी,बिजली गुल होने पर हमें सबसे पहले जो याद आते हैं, वो हैं हमारे लाइनमैन। अपनी जान हथेली पर रखकर ये सुनिश्चित करते हैं कि हमारे घरों में रोशनी बनी रहे और हम आधुनिक सुविधाओं का लाभ उठा सकें। उत्कृष्ट विद्युत लाइन कार्मिकों को उनकी निष्ठा और अथक सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

### सीएमएचओ ने ली निजी अस्पतालों के प्रबंधकों व संचालकों की बैठक

# सड़क दुर्घटना पीड़ितों का डेढ़ लाख रूपये तक का होगा मुफ्त इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

'प्रधानमंत्री राहत योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर शनिवार को जिला चिकित्सालय कटनी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर 14 निजी अस्पतालों के संचालकों व प्रबंधकों को प्रधानमंत्री राहत योजना की विस्तृत जानकारी की गई।

#### 7 दिन तक रहेगी सुविधा

सीएमएचओ ने बैठक में निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों को बताया कि सड़कों में हुये हर प्रकार के हादसे पीएम राहत योजना से कवर किये गये हैं। यह सुविधा हादसे की तारीख से 7 दिन तक मौजूद रहेगी। योजना



का मुख्य उद्देश्य है कि शुरूआती गंभीर ईलाज के लिये परिवार को पैसों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। सड़क हादसके के बाद का पहला आधा घंटा यानी गोल्डन आवर महत्वपूर्ण माना जाता है। अगर इस दौरान घायल अस्पताल पहुंचता है तो उसकी जान बचने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिये अस्पताल प्रबंधकों से आग्रह किया गया कि वे बिना देर किये दुर्घटना पीड़ितों का उपचार शुरू करें।

#### हेल्पलाइन नंबर पर करें कॉल

बैठक में बताया गया कि अगर कहीं सड़क हादसा होता है तो घायल इंसान राहगीर या कोई भी अन्य व्यक्ति 112 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सकता है। जिससे एम्बुलेंस की भी सुविधा मिल सकेगी। योजना के तहत डेढ़ लाख रूपये तक का कैशलेस ईलाज मिलेगा। अगर हालत ज्यादा गंभीर नहीं है तो 24 घंटे तक का स्टेबलाईजेशन ट्रीटमेंट और अगर जान को खतरा है तो 48 घंटे तक प्राथमिक एवं इमरजेंसी ईलाज का प्रावधान है। ईलाज शुरू करने से पहले पुलिस द्वारा इसकी पुष्टि आवश्यक है। यह पूरा प्रोसेस ऑनलाईन डिजिटल सिस्टम के जरिये होता है ताकि घायल के उपचार में देरी न हो।

हादसे की रिपोर्ट से लेकर अस्पताल के भुगतान तक सब कुछ डिजिटल प्लेटफार्म पर होता है। इसके लिये इलेक्ट्रानिक डिटेल्ड डिजिटल रिपोर्ट और ट्रांजेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम का उपयोग किया जाता है। योजना का लाभ सभी प्रकार की सड़कों पर मिलता है।

#### जानकारी करें प्रदर्शित

बैठक में सीएमएचओ ने निर्देशित किया कि पीएम राहत योजना के तहत आने वाले मरीजों को बिना किसी बाधा के इलाज मिलना चाहिए। उन्होंने अस्पतालों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे अपने परिसर में उपलब्ध सुविधाओं और पैकेजों की जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें।

बैठक में पीएम राहत योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि और उसकी आवेदन प्रक्रिया के बारे में अस्पताल प्रतिनिधियों को तकनीकी जानकारी दी गई, ताकि वे मरीजों का मार्गदर्शन कर सकें।

## जिला स्तरीय ओलंपियाड के मेधावी छात्रों को जिला पंचायत सीईओ ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कलेक्टिर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला पंचायत सभागार में जिला स्तओर पर ओलंपियाड में कक्षा दूसरी से आठवीं तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर रहीं। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कौर एवं जिला शिक्षा केंद्र के परियोजना समन्वयक प्रेमनारायण तिवारी के द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

समारोह में सफल विद्यार्थियों के अलावा उनके माता-पिता और उन मार्गदर्शक शिक्षकों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था,




जिनकी मेहनत से बच्चों ने यह मुकाम हासिल किया। इसके पूर्व ओलंपियाड जनशिक्षा केंद्र स्तरीय परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें कक्षा 2 से 3 में 6625 बच्चों में से 5179 बच्चे सम्मिलित हुए। कक्षा तीन से चार में 7192 छात्रों में से 6225 छात्र सम्मिलित हुए एवं कक्षा 6 से 8 में11048 छात्रों में से 102 50 छात्र सम्मिलित हुए।

इस परीक्षा के उपरांत जिला स्तर पर परीक्षा आयोजित की गई जिसमें कक्षा 2 से 3 में 204, कक्षा 4 से 5 में 204 विद्यार्थी एवं कक्षा 6 से 8 में विषयवार हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान में 306 छात्रों ने परीक्षा में सहभागिता की। जिसमें जिले में विषयवार कक्षावार 32 छात्र सफल हुए। हिंदी, अंग्रेजी, ईवीएस, गणित, विज्ञान एवं कक्षा चार एवं पांच में हिंदी, अंग्रेजी, गणित, एवं कक्षा 6 से 8 में 6 विषय जिसमें हिंदी, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान, गणित विषयों में बच्चों ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सम्मान स्वरूप विद्यार्थियों को मोमेंटो, कम्पास बाक्स, टिफिन बाक्स,पानी बॉटल, स्कूल बैग,कैप के साथ ट्रेक शूट दिया गया। कार्यक्रम में एपीसी एस एस राजपूत, रामभूषण अग्निहोत्री, प्रतिभा गर्ग,प्रीति सिंह, अनिल त्रिपाठी की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप



### बालक को पुलिस ने माता पिता से मिलाया

**कटनी।** उमरिया पान पुलिस ने 5 वर्षीय मासूम को महज कुछ घंटों के भीतर सुरक्षित ढूंढकर उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार गत दिवस पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम पंचायत महनेर में एक 5 साल का बालक अकेला घूम रहा है और अपना रास्ता भूल गया है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उप निरीक्षक महेंद्र कुमार जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित संज्ञान लिया। डायल 112 की मदद से बच्चे को सुरक्षित थाने लाया गया। पुलिस के अच्छे व्यवहार से बच्चे का डर दूर हुआ और उसने अपने गांव का नाम 'कोठी' बताया। बच्चे से मिली जानकारी के आधार पर उमरिया पान पुलिस ने तत्काल थाना ढीमरखेड़ा के ग्राम कोठी में संपर्क किया। पुलिस की सक्रियता से कुछ ही समय में बच्चे के परिजनों का पता लगा लिया गया। थाने पहुंचे माता-पिता ने जैसे ही अपने बच्चे को देखा, उनकी जान में जान आई। पुलिस ने आवश्यक तस्दीक के बाद मासूम को परिजनों को सौंप दिया।

### ओलम्पियाड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मान



**विजयराघवगढ़।** जनपद पंचायत क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला सलैया बडगैंयां में अध्ययनरत 5 वीं के छात्र वैष्णव मिश्रा को जिला स्तरीय ओलम्पियाड परीक्षा में गणित विषय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर हरसिमरनप्रीत कौर मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जिला पंचायत सभागार कटनी में प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सम्मानित शिक्षकों ने ओलम्पियाड परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के अनुभवों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह परीक्षा विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता उनकी तार्किक सोच और संबंधित विषयों की गहरी समझ को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है जिससे बच्चों की स्पर्धा एवं भावना के साथ आत्मविश्वास बढ़ता है और आगे बढ़ाने का अवसर देता है तथा बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। छात्र वैष्णव मिश्रा की सफलता पर बी ई ओ ए के कोरी,प्राचार्य सरस्वती मिश्रा,डॉ अनिल मिश्रा,बी आर सी सी एस मरकाम, महेन्द्र मिश्रा,जे पी द्विवेदी, अजय मिश्रा, हरीश दुबे,संदीप मिश्रा,मो नसीम,राजीव तिवारी, वंदना उरमलिया,वर्षा तोमर,अशोक अवस्थी,उमेश प्रताप सिंह, शिरीष दत्त पांडेय,हरकेश भगत,विपिन उरलिया,रीता त्रिपाठी,सीता रानी क्षत्रिय,सोनेलाल कोरी,अरुण ठाकुर सहित अन्य शिक्षकों ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### वित्तीय वर्ष समापन पर लक्ष्यपूर्ति को लेकर निगम प्रशासन की बड़ी कार्यवाही

# ननि की सख्त कार्रवाईः सात दुकानों में जड़ा ताला, 5 नल कनेक्शन काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के शेष बचे 24 दिवसों को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा समीक्षा बैठक में दिये गए निर्देशों के परिपालन में निगम के गठित अमले द्वारा बकाया राजस्व की वसूली को लेकर कार्यवाही तेज कर दी गई है। इसी क्रम में शनिवार प्रातः नगर निगम स्वामित्व की दुकानों की किराया राशि संबंधित आवंटियों द्वारा लंबे समय से जमा नहीं करने पर 7 आवंटियों के विरुद्ध तालाबंदी की कार्यवाही की गई।



### इन दुकानों पर लगाया ताला

राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि निगम के गठित राजस्व अमले द्वारा जिन 7 दुकानों पर कार्यवाही की गई जिसमें बिलैया तलैया सब्जी मंडी क्षेत्र की तीन दुकानों क्रमशः 175, 191 और 192 सहित लल्लू भैया की तलैया की दुकान क्रमांक 13 के साथ साथ प्रियदर्शनी बस स्टैंड की तीन दुकानों क्रमशः 40, 42 एवं दुकान क्रमांक 43 शामिल है । निगम प्रशासन द्वारा संबंधित दुकानदारों को पूर्व में कई बार नोटिस देकर किराया राशि जमा करने के लिए कहा गया था, इसके बावजूद भुगतान नहीं किए जाने पर नियमानुसार तालाबंदी की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, राजस्व निरीक्षक विनोद सिंह चौहान, सनीश रजक सहित राजस्व विभाग के गठित दल के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### 5 नल कनेक्शन किये विच्छेद

नगर पालिक निगम प्रशासन इन दिनों वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए बकाया करों की वसूली के लिए सख्त रुख अपनाए हुए है। निगम द्वारा चलाए जा रहे विशेष वसूली अभियान के तहत शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 बड़े बकायेदारों के नल कनेक्शन विच्छेदित कर दिए गए। निगम प्रशासन ने उन उपभोक्ताओं को निशाने पर लिया है जिन्होंने लंबे समय से जल उपभोक्ता प्रभार की राशि जमा नहीं की थी। मदन मोहन चौबे वार्ड संत कंवरराम वार्ड, राम निवास सिंह वार्ड में उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन विच्छेद किये गये। जल प्रदाय विभाग के उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव ने बताया कि इन सभी उपभोक्ताओं को निगम द्वारा पहले ही नोटिस जारी कर बकाया राशि जमा करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बावजूद जब राशि जमा नहीं की गई, तब टीम भेजकर कनेक्शन काटने की कार्रवाई सुनिश्चित की गई। निगम प्रशासन ने जल उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी अप्रिय स्थिति या वैधानिक कार्रवाई से बचने के लिए अपने बकाया जल प्रभार की राशि तत्काल जमा करें।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नागरिकों को उनके बकाया करों को आसानी से जमा करने की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शनिवार अवकाश के दिन भी निगम एवं जोन कार्यालय के कैश काउंटर को खुले रखने के साथ ही द्वारका सिटी के पास पंडित भोजनालय के सामने तथा जयहिंद चैक में शिविर का आयोजन किया जाकर नागरिकों को बकाया कर जमा करने की सुविधा प्रदान की गई। निगम प्रशासन ने नागरिकों एवं निगम स्वामित्व के सभी दुकानदारों, आवंटियों से अपील की है कि वे समय पर संपत्ति कर, जल उपभोक्ता किराया एवं अन्य देय राशि जमा करें, अन्यथा इसी प्रकार की कार्यवाही आगे भी की जाएगी।



## विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू जातियों के सर्वे की प्रगति की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

मप्र जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा द्वारा विकासखंड के विभिन्न गांवों में विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू जातियों का सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में ढीमरखेड़ा के महगवां बरखेड़ा में सर्वे कार्य के दौरान जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल ने पहुंचकर सर्वेक्षण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सर्वेयर श्रीकांत पटेल से सर्वे कार्य की रूपरेखा एवं कार्य योजना को लेकर विस्तार से चर्चा की। विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने बताया कि सर्वेक्षण कार्य में कुल 51 जातियों को शामिल किया गया है। चिन्हित सभी जातियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए सर्वे को ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों माध्यमों से प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। सर्वे कार्य को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए विकासखंड ढीमरखेड़ा को पांच सेक्टरों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक सेक्टर में एक-एक सर्वेयर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर समाजसेवी हरि राजपाल,कोदुलाल हल्दकार भी उपस्थित रहे।

कनौजा गांव में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिलाओं को शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। सेक्टर प्रभारी कोदुलाल हल्दकार ने समिति द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल ने समिति के कार्यों की समीक्षा की, जबकि विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने समिति की महिलाओं को नर्सरी तैयार करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान परामर्शदाता सुमित सिंह ठाकुर एवं समिति के सदस्य मौजूद रहे।

*माधवनगर थाना के बंगला लाइन में 5 मार्च को हुई थी घटना*

## बमबाजी की घटना के मामले में पुलिस ने चार आरोपितों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

माधवनगर थाना क्षेत्र के बंगला लाइन में बमबाजी की घटना के मामले में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। बमबामी की घटना में एक ही परिवार के आठ लोग झुलस गए थे, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस के अनुसार 5 मार्च को रोहनी वंशकार ने माधवनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दोपहर करीब 2:30 बजे वह अपने परिवार के साथ बंगला लाइन स्थित घर के आंगन में बैठी थीं। इसी दौरान मोहल्ले के अट्ठा डुमार, मिंटू डुमार, अनु डुमार और उनके अन्य साथी वहां पहुंचे और जान से मारने की नियत से ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया। विस्फोट होने से परिवार के करीब आठ लोग झुलसकर घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही घायलों को तत्काल जिला अस्पताल कटनी पहुंचाया गया।



प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने धारा 109(1) बीएनएस तथा विस्फोटक अधिनियम 1908 की धारा 3(क) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।मौके से ज्वलनशील पदार्थ के अवशेष जब्त कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की और मुखबिर की सूचना पर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में अट्ठा उर्फ अमन विरहा (27), आर्यन उर्फ अनु धारक (20), ऋतिक उर्फ उल्लू चाहोतेल (20) और मिंटू उर्फ विकास बिरहा (30) निवासी बंगला लाइन शामिल हैं। एक विधि से संघर्षरत बालक को भी अभिरक्षा में लिया गया है।पूछताछ में आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस मामले में ज्वलनशील पदार्थ उपलब्ध कराने वाले अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया और नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी संजय दुबे के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में थाना स्टाफ और साइबर सेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## लाइनमेन दिवस पर कर्मचारियों को किया सम्मानित




विद्युत विभाग कटनी वृत में 7 मार्च को 'लाइनमैन दिवस' मनाया गया। आयोजित समारोह में विभाग के 50 लाइनकर्मियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधीक्षण अभियंता ने लाइन स्टाफ के साथ सीधा संवाद किया। उन्होंने फील्ड पर कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करते हुए सुरक्षा मानकों के सख्त पालन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बिजली लाइनों पर कार्य करते समय सुरक्षा उपकरणों का उपयोग और सावधानी ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता श्री अलीम खान ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए। उन्होंने लाइन स्टाफ का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि कैसे विषम परिस्थितियों और विपरीत मौसम में भी धैर्य और तकनीक के साथ सुरक्षित तरीके से कार्य किया जा सकता है।

## फोटो एडिट कर सोशल मीडिया में पोस्ट करने पर युवती ने युवक को सरेराह पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्लीमानाबाद थाना क्षेत्र में एक युवती को परेशान करने और सोशल मीडिया पर फोटो एडिट कर पोस्ट करने वाले एक 42 वर्षीय व्यक्ति की बाजार के बीचों-बीच जमकर धुनाई कर दी। घटना का वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जानकारी के मुताबिक उमरियापान निवासी आरोपी शाकिर मंसूरी 42 वर्ष पिछले काफी समय से युवती को सोशल मीडिया के माध्यम से परेशान कर रहा था।

आरोपी ने युवती को इंस्टाग्राम पर कई बार फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी, जिसे युवती लगातार अस्वीकार करती रही। इसके बाद आरोपी ने युवती की प्रोफाइल से उसकी तस्वीरें चोरी कीं और उन्हें एडिट कर अपनी फोटो के साथ जोड़कर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक तरीके से पोस्ट कर दिया। गुरुवार को जब युवती स्लीमानाबाद बाजार में थी, तभी उसकी नजर आरोपी शाकिर मंसूरी पर पड़ गई। युवती ने तुरंत उसे रोका और विरोध जताया। देखते ही देखते युवती का गुस्सा फूट पड़ा और उसने सरेराह चप्पलों से आरोपी की पिटाई शुरू कर दी। बीच बाजार हुई इस घटना को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई।



घटना के बाद युवती सीधे स्लीमानाबाद थाने पहुँची और मामले की शिकायत दर्ज कराई। स्लीमानाबाद थाना प्रभारी सुदेश समन ने मीडिया को बताया कि युवती की शिकायत के आधार पर आरोपी शाकिर मंसूरी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता ने उस पर लगातार परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अब आरोपी द्वारा सोशल मीडिया पर डाले गए आपत्तिजनक कंटेंट की भी तकनीकी जांच कर रही है।

## शिक्षकों की पात्रता परीक्षा पर लगाई जाये रोक, लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं में लगभग 22-25 वर्षों से अधिक समय से नियुक्त शिक्षकों की अब पात्रता परीक्षा लिए जाने संबंधी लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश ने प्रदेश के लाखों शिक्षकों को बेचैन हतप्रभ एवं भयग्रसित कर दिया है ।

मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के प्रांत अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी ने इस विषय को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं स्कूल शिक्षा मंत्री को पत्र प्रेषित करते हुए आग्रह किया है कि यह आदेश शिक्षकों के लिए पूर्णता अव्यावहारिक एवं अप्राकृतिक है । मानवीय जीवन चक्र के क्रम में आयु अवस्था के साथ उसकी समय अनुसार मनोदशा स्थापित होती है। 25 वर्ष की सेवा प्रदान करने के पश्चात उसकी पात्रता का परीक्षण किया जाना किसी भी दृष्टि से न्याय संगत नहीं हो सकता है । प्रांत अध्यक्ष ने कहा है कि शिक्षक किसी परीक्षा से भयभीत नहीं है किंतु परीक्षा की उपयुक्तिता तथा स्थिति उचित हो तभी वह देने योग्य होती है । सर्वोच्च न्यायालय में मध्य प्रदेश शासन द्वारा इन लाखों शिक्षकों के भविष्य को ध्यान में ना रखते हुए साधारण पक्ष रखने का ही परिणाम है कि इस प्रकार का आदेश न्यायालय द्वारा पारित किया गया है ।

### मुख्यमंत्री से की मांग

संगठन के प्रमुख महामंत्री किशन रजक सहित आलोक परमार, शशि भूषण तिवारी ,नीलू उपाध्याय ,डॉ स्मृति रतन मिश्र, कमलेश त्रिपाठी, राजीव पाठक, जावेद खान, राजेश सिंह राजावत, मुकेश यादव, रमाकांत शुक्ला, अनिल नामदेव, अकील अंसारी, श्रवण पाठक आदि पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से अपेक्षा की है कि वे स्वयं इस विषय में हस्तक्षेप करते हुए उक्त आदेश को तत्काल समाप्त करावे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बम्होरी**
**जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)**
क्र/निविदा/ ग्रा पं / 2025-26/ दिनॉंक-
**निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण**
ग्राम पंचायत बम्होरी, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यो के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।
सामग्री विवरण सारणी :- 1. 20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईंट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।
सरपंच श्री सुकाली यादव — सचिव श्री प्रमोद कुमार पटेल

**कार्यालय ग्राम पंचायत चरी**
**जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)**
क्र/निविदा/ ग्रा पं / 2025-26/ दिनॉंक-
**निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण**
ग्राम पंचायत चरी, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यो के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।
सामग्री विवरण सारणी :- 1. 20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईंट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।
सरपंच श्रीमती पूजा दहायत — सचिव श्री संतोष पटेल

**कार्यालय ग्राम पंचायत कारीतलाई**
**जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)**
क्र/निविदा/ ग्रा पं / 2025-26/ दिनॉंक-
**निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण**
ग्राम पंचायत कारीतलाई, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यो के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।
सामग्री विवरण सारणी :- 1. 20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईंट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।
सरपंच श्रीमती निधि शुक्ला — सचिव श्री ध्यानलाल साहू

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुसमा**
**जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)**
क्र/निविदा/ ग्रा पं / 2025-26/ दिनॉंक-
**निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण**
ग्राम पंचायत कुसमा, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यो के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।
सामग्री विवरण सारणी :- 1. 20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईंट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।
सरपंच श्री दुर्गा प्रसाद कोल — सचिव श्री इंद्रपाल पटेल

**कार्यालय ग्राम पंचायत मेहगांव**
**जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)**
क्र/निविदा/ ग्रा पं / 2025-26/ दिनॉंक-
**निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण**
ग्राम पंचायत मेहगांव, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यो के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।
सामग्री विवरण सारणी :- 1. 20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईंट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।
सरपंच श्री सुरेन्द्र सिंह बघेल — सचिव श्री अश्वनी त्रिपाठी

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

## एचपीवी वायरस संक्रमण से उत्पन्न होता है सवाईकल कैंसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) की रोकथाम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद में शनिवार को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ 3 किशोरियों को टीका लगाकर किया गया।

अभियान के पहले दिन जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी की मौजूदगी में तीन किशोरियों साक्षी लोधी,प्रतिमा कुशवाहा और रानू सिंह का टीकाकरण किया गया। इन बालिकाओं को 'यूविन' पोर्टल के माध्यम से तत्काल टीकाकरण का डिजिटल प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।पहले दिवस 19 बालिकाओं को एचपीवी टीका लगा। टीका लगवाने के बाद किशोरियों के चेहरों मै ख़ुशी दिखी ओर विक्ट्री साइन दिखाकर अन्य किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगवाने का संदेश दिया। जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी ने अभिभावकों से आग्रह किया कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है। इसलिये सभी पालक व अभिभावक अपनी 14 से 15 वर्ष की बेटियों को यह सुरक्षा कवच जरूर दिलाये।



### बचाव के लिए टीकाकरण

चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे ने किशोरियों एवं उनके अभिभावकों को बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला एक गंभीर रोग है और भारत में महिलाओं में होने वाले कैंसरों में यह प्रमुख कारणों में से एक है। उन्होंने कहा कि एचपीवी टीके की एक सिंगल डोज से इस कैंसर के खतरे को काफ़ी हद तक कम किया जा सकता है। इसलिए 14 वर्ष से 15 वर्ष 3 माह आयु वर्ग की सभी किशोरी बालिकाओं को यह टीका अवश्य लगवाना चाहिए। सर्वाइकल कैंसर मुख्य रूप से एचपीवी वायरस के संक्रमण के कारण होता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए यह टीकाकरण निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है और समय पर टीकाकरण कराने से भविष्य में इस गंभीर बीमारी से बचाव संभव है। इस दौरान डॉ दिव्या राय,आशा कार्यकर्ता आभा दुबे,बरखा दूबे छात्रावास वार्डन एवं अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

## खबर संक्षेप

### मानदेय के लिए दर दर भटक रहे शिल्पकार

**खजुराहो डांस फेस्टिवल 2026 में आमंत्रित शिल्पकार तथा कलाकारों का मामला**

**खजुराहो।** देश-विदेश में ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध खजुराहो डांस फेस्टिवल 2026 इस बार भ्रष्टाचार सहित अव्यवस्थाओं के विवादों के बीच संपन्न हुआ,लेकिन इस आयोजन में एक और लापरवाही सामने आई है। समारोह को खत्म हुए करीब 10 दिन का समय हो चुका है, लेकिन इसमें आमंत्रित कई शिल्पकारों और कारीगरों को अब तक उनका मानदेय नहीं मिल पाया,ये नाराज कलाकार अब विभाग के दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं,कुछ ने बताया कि मोबाइल लगाने पर उनसे अभद्रता की भाषा बोली जाती है। जानकारी के मुताबिक 20 से 26 फरवरी तक आयोजित इस समारोह में देश के अलग-अलग राज्यों से आए कारीगरों ने हस्तशिल्प और पारंपरिक कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई थी साथ ही कलाकृति बनाई भी थी इन शिल्पकारों प्रतिवर्ष की तरह इस आयोजन के दौरान 15-15 हजार रुपए मानदेय देने का आश्वासन दिया गया था,लेकिन कार्यक्रम समाप्त होने के बाद भी भुगतान प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। करीब 20 से अधिक शिल्पकारों का भुगतान अभी भी लंबित बताया जा रहा है। इनमें कई छोटे कारीगर शामिल हैं, जो ऐसे आयोजनों से मिलने वाले मानदेय पर ही अपने खर्च की भरपाई कर पाते हैं। शिल्पकारों का कहना है कि वे अपने खर्च पर दूर-दराज जिलों से खजुराहो पहुंचे थे और उम्मीद थी कि कार्यक्रम के तुरंत बाद भुगतान मिल जाएगा। शिल्पकार महबूब आलम और पलक दिनकर सहित अन्य कारीगरों ने बताया कि हर साल समारोह खत्म होते ही विभाग की ओर से चेक के माध्यम से भुगतान कर दिया जाता था, लेकिन इस बार अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है।

### सूरमाओं के मैदान में उतरी भारत की क्रांति, पर्थ में क्रांति गौड़ को मिली पहली टेस्ट कैप

**छतरपुर।** पर्थ के ऐतिहासिक वाका मैदान की तेज और उछाल भरी पिच आज एक नए इतिहास की गवाह बनी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उभरती हुई सितारा क्रांति गौड़ के सुनहरे सफर की शुरुआत आज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच के साथ हो गई। सफेद जर्सी, हाथ में लाल गेंद और आंखों में तिरंगे का मान—क्रांति ने जैसे ही मैदान पर कदम रखा, भारतीय क्रिकेट में एक नई क्रांति का शंखनाद हो गया। मैच शुरू होने से ठीक पहले आयोजित कैप प्रेजेंटेशन सेरेमनी में टीम के दिग्गजों की मौजूदगी में क्रांति को उनकी पहली टेस्ट कैप सौंपी गई। यह वह लम्हा था जब क्रांति के चेहरे पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का गर्व और जिम्मेदारी साफ नजर आ रही थी।

### भक्ति और सदाचार का दिया संदेश

# श्रीमद्भागवत कथा में गूंजे दिव्य प्रसंग





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार**

ग्राम रियाना में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में इन दिनों भक्ति और श्रद्धा का अलौकिक वातावरण बना हुआ है। कथा व्यास पंडित श्री जागेश्वर कृष्ण शास्त्री जी महाराज द्वारा सुनाए जा रहे पौराणिक और आध्यात्मिक प्रसंगों से श्रद्धालु भावविभोर हो रहे हैं। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर भगवान की भक्ति में लीन होकर कथा का रसपान कर रहे हैं। कथा व्यास पंडित श्री जागेश्वर कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि जो व्यक्ति श्रद्धा, विश्वास और एकाग्रता के साथ श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करता है, उसे जीवन में आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि कथा श्रवण करते समय चार बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए— आसन पर स्थिर बैठना, श्वासों को नियंत्रित रखना, संगति पर नियंत्रण रखना और मन को शांत व एकाग्र रखना। जब मनुष्य इन सभी पर नियंत्रण प्राप्त कर लेता है, तब उसे सूक्ष्म ब्रह्म का ध्यान करते हुए भगवान के विराट स्वरूप का चिंतन करना चाहिए। कथा के दौरान भगवान के वराह अवतार का प्रेरणादायक प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि जब सृष्टि संकट में थी, तब ब्रह्मा जी की नासिका से भगवान वराह का प्राकट्य हुआ। भगवान वराह ने विशाल स्वरूप धारण कर रसातल में जाकर हिरण्याक्ष का वध किया और पृथ्वी को अपने दांतों पर उठाकर जल से बाहर निकालकर पुनः स्थापित किया। इसके बाद सृष्टि का विस्तार पुनः प्रारंभ हुआ और जगत की व्यवस्था सुचारू रूप से चलने लगी। कथा में आगे मनु और शतरूपा के वंश विस्तार का भी वर्णन किया गया। उनकी तीन पुत्रियां— आकूति, देवहूति और प्रसूति तथा दो पुत्र— प्रियव्रत और उत्तानपाद के माध्यम से सृष्टि का विस्तार हुआ और अनेक महान चरित्रों का जन्म हुआ, जिन्होंने धर्म और मर्यादा की स्थापना की। इस दौरान माता सती और भगवान शिव के प्रसंग का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा व्यास ने बताया कि माता सती ने अपने पिता दक्ष द्वारा भगवान शिव के अपमान को सहन न करते हुए यज्ञ कुंड में अपने प्राणों का त्याग कर दिया। यह प्रसंग त्याग, पतिव्रता धर्म और भगवान शिव के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रतीक है। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का मार्ग दिखाती है। जो व्यक्ति श्रद्धा और विश्वास के साथ कथा का श्रवण करता है, उसके जीवन के दुख और कष्ट दूर होते हैं तथा उसे मानसिक शांति और आध्यात्मिक सुख की प्राप्ति होती है। कथा हमें यह भी सिखाती है कि जीवन में धर्म, मर्यादा, त्याग और भगवान के प्रति अटूट विश्वास ही सच्चे सुख और कल्याण का मार्ग है। कथा के दौरान पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर रहा और श्रद्धालु भावपूर्वक कथा श्रवण कर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति करते नजर आए।

## बोर्ड परीक्षा के अंतिम दिवस विद्यार्थियों ने कलेक्टर एवं शिक्षकों को दिया धन्यवाद



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा**

संपन्न हुई बोर्ड परीक्षाओं में इस बार जबेरा मेंप्रथम दिवस से लेकर अंतिम दिवस तक परीक्षार्थियों का स्वागत किया गया। गत दिवस माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं एवम बारहवीं की परीक्षाएं हिंदी विषय के प्रश्न पत्र के साथ पूर्ण हो गई। परीक्षा की समाप्ति पर परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते वक्त काफी खुश नजर आए उन्होंने अपनी परीक्षा की समाप्ति पर जिला कलेक्टर द्वारा परीक्षा के पूर्व दिए गए मोटिवेशन के लिए एवं शिक्षकों द्वारा उनकी प्रेरणा से प्रतिदिन तनाव मुक्त करने एवम उत्साहवर्धन हेतु किसी न किसी तरह से स्वागत करने तथा मिष्ठान , पेन , टॉफ़ी, इत्यादि वितरण हेतु धन्यवाद दिया ।शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा की कक्षा बारहवीं की छात्रा प्राची ठाकुर ने कहा कि मैंने अभी तक इतनी अधिक कक्षाओ की परीक्षा दी पर कभी मुझे परीक्षा के दौरान इतना अच्छा अहसास नही हुआ जितना बारहवीं जैसी बोर्ड परीक्षा के दौरान महसूस हुआ हमे ऐसा लगा जैसे परीक्षा के दिन किसी उत्सव को मनाने जा रही हूं प्रतिदिन विद्यालय परिवार के प्राचार्य जवाहर प्रधान एवम संकुल के शिक्षक राजेश जैन सर द्वारा कोई न कोई तरीके से मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाये देते हुए प्रवेश दिलाया गया ,जिससे हम लोग जहाँ तनाव मुक्त होते थे वही काफी अच्छा महसूस करते थे।तथा घर पर प्रतिदिन अच्छे मनोयोग से पढ़ाई करते थे ।

विद्यार्थियों को तनाव मुक्त होकर परीक्षा दिलाने में जहां जिला कलेक्टर सुधीर कोचर की प्रेरणा ने काम किया वही परीक्षा के दौरान शिक्षक राजेश जैन ने सुबह पहुँचकर परीक्षार्थियों में वितरण हेतु सामग्री ले जाकर उन्हें मोटिवेट किया गया । वही अध्यनरत विद्यालय के प्राचार्य जवाहर प्रधान , केंद्राध्यक्ष जी पी पटेल , श्रीमती नीलिमा तिवारी , जी पी झरिया , चित्तर ठाकुर, भानु प्रताप ठाकुर इत्यादि का सहयोग रहा ।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**

माधवराव सप्रे शासकीय महाविद्यालय पथरिया में गुरुवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर विनय कुमार वर्मा एवं आमंत्रित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रारंभ में कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर चिन्मय सेन द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात प्रोफेसर डॉक्टर रितु यादव, प्राध्यापक रसायन शास्त्र डॉक्टर हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर द्वारा, विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

शासकीय महाविद्यालय खिमलासा से आमंत्रित डॉक्टर विकास कुमार द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अंतर्गत साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत गत दिनांकों में सम्पन्न हुई पोस्टर, वाद-विवाद, रंगोली,निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया । जिसमें नम्रता सोनी, रूपाली कुर्मी, अनन्या सोनी प्रतीक्षा जैन, अंशुल राठौर एवं नीरज अहिरवार एवं अन्य सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर गजेंद्र नामदेव डा. संध्या शर्मा, डॉ. देवेश अहिरवार, डॉ जगदीश अहिरवार डॉक्टर सुधीर साहू, डॉ प्रियंका राजपूत, श्री आशुतोष दीक्षित, श्री राहुल कुर्मी, श्री ललित ताम्रकार, डॉ अरविंद यादव, सहित महाविद्यालय की समस्त शैक्षिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉक्टर हरिओम सोनी द्वारा किया गया।

### विद्युत मंडल में मनाया गया लाइनमैन दिवस

## लाइनमैन हमेशा नशा मुक्त होकर कार्य करें-कार्यपालन अभियंता



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा**

विद्युत मंडल हटा कार्यालय परिसर में शनिवार को लाइनमेन दिवस का आयोजन कार्यपालन अभियंता दमोह प्रवीण कुल्हाड़े की अध्यक्षता में सभी अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया जिसमें मैदानी क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले लाइनमेनों को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कार्यपालन अभियंता द्वारा समस्त लाइनमेन को लाइनमेन दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि लाइनमैन विभाग की रीड की हड्डी है इस दिवस की शुरुआत विभाग द्वारा 2021 में सेवा सुरक्षा स्वाभिमान को लेकर की गई थी तभी से हम प्रतिवर्ष लाइनमैन दिवस मनाते आ रहे हैं उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि लाइनमैन अपने कार्य के दौरान सुरक्षा जोन बनाकर नशा मुक्त होकर कार्य करें क्योंकि जब वह सुबह घर से अपने कार्य के लिए निकलता है तो उसका घर पर कोई इंतजार जरूर करता है। लाइनमैन हमेशा विद्युत विभाग में सेवाभाव के रूप में हमेशा तत्पर रहता है उपभोक्ता को बिजली देने का योगदान लाईनमैनों का ही होता है अधिकारी तो सिर्फ दिशा निर्देश देते हैं। उन्होंने नई पीढ़ी के संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारी को इनसे प्रेरणा लेकर कार्य करने को कहा। इसके उपरांत कार्यक्रम में हटा पटेरा हिनौता बनगांव सब स्टेशन के उपस्थित कर्मचारियों का अधिकारियों ने तिलक कर फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सहायक अभियंता हटा राजेश शहाय, कनिष्ठ अभियंता हिनोता प्रदीप पटेल, कनिष्ठ अभियंता हटा ग्रामीण एमएस राय, कांस्टेबल अभियंता बनगांव सतीश पटेल के अलावा लाइनमैन रहबर खान पटेरा, चुन्नीलाल सेन हटा, राममुनेंद्र सिंह हटा, नारायण राव बनगांव, दिलीप विश्वकर्मा, ऋषि साहू, बलराम तिवारी सहित सभी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## परीक्षा के बाद विद्यार्थियों को भविष्य के लक्ष्यों के लिए किया गया प्रोत्साहित



**दमोह।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाकोट में कक्षा 12वीं की परीक्षा समाप्त होने के बाद विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर परीक्षा केंद्र अध्यक्ष अजय कुमार सिंघई और सहायक केंद्र अध्यक्ष पुष्पा उदेनिया ने परीक्षा में शामिल सभी 85 विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप पेन वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा के बाद उनके भविष्य और करियर को लेकर जागरूक करना तथा उन्हें अपने लक्ष्यों के प्रति प्रेरित करना था। इस दौरान परीक्षा केंद्र प्रभारी अजय कुमार सिंघई ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कक्षा 12वीं की परीक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होती है और इसके बाद छात्रों को अपने भविष्य के लक्ष्यों को लेकर गंभीरता से सोचने की आवश्यकता होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार सही करियर का चयन करने की सलाह दी और विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, सकारात्मक सोच और सही मार्गदर्शन के साथ विद्यार्थी अपने जीवन में बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। इस पहल की स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रेरणादायक कार्यक्रम और मार्गदर्शन सत्र छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनके भविष्य के लिए सही दिशा तय करने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने भी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया और अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्प लिया।

## शिक्षक भूपेंद्र जैन की प्रेरणा विषय पर कविता का प्रसारण कल

**दमोह।** शहर के साहित्यकार शिक्षक भूपेंद्र जैन की कविता का प्रसारण आकाशवाणी छतरपुर से 9 मार्च को प्रातः सात बजकर बीस मिनट पर किया जाएगा, श्री जैन ने बताया कि यह कविता प्रेरणा शब्द को लेकर लिखी गई। जीवन में सदैव प्रगति हेतु किसी न किसी की प्रेरणा काम करती है यह प्रेरणा हमें गुरु से , दोस्त से , परिवार से तीर्थों से आदि से मिलती है। ऐसे ही कई बिंदु है जिनका उल्लेख कविता में किया गया , ज्ञात हो कि शिक्षक भूपेंद्र जैन की कविताओं का प्रसारण आकाशवाणी पर विगत कई वर्षों से प्रसारित होता आ रहा है। उनकी उपलब्धि पर नगर के कवियों द्वारा अनुमोदना की गई।

# रंग, उमंग और यादों की फुहार

## लीनेस मैत्री क्लब की 'ब्रज की होली' ने बिखेरी खुशियाँ



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**

लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा होली के पावन पर्व पर "वृज की होली" उत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर क्लब की सभी सदस्याएँ पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर शामिल हुईं, जिससे पूरे कार्यक्रम में वृंदावन की होली की मनमोहक झलक देखने को मिली। रंग, संगीत, नृत्य और हास्य-परिहास से भरपूर इस आयोजन ने सभी को होली की सांस्कृतिक परंपरा से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई। वक्ताओं ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द का प्रतीक है। यह त्योहार हमें जीवन में मौजूद मनमुटाव और नकारात्मकता को भुलाकर रिश्तों को प्रेम और अपनत्व के रंगों से मजबूत बनाने का संदेश देता है। सदस्यों ने बताया कि जैसे रंगों की विविधता जीवन को सुंदर बनाती है, वैसे ही अलग-अलग विचारों और स्वभाव वाले लोगों के साथ प्रेमपूर्वक रहना ही सच्ची खुशी है। इस दौरान होली के पौराणिक महत्व पर भी चर्चा की गई और इसे बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक बताया गया। आयोजन के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। सदस्याओं ने सभी को प्रेरित किया कि होली पर रासायनिक रंगों के बजाय प्राकृतिक और हर्बल रंगों का उपयोग करें, पानी की अनावश्यक बर्बादी से बचें और प्रकृति की सुरक्षा का संकल्प लें, ताकि त्योहार की खुशियों के साथ पर्यावरण भी सुरक्षित रह सके। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण "यादों की होली" रहा, जिसमें क्लब की सदस्याओं ने अपने बचपन और जीवन से जुड़े होली के मजेदार और दिलचस्प किस्से साझा किए। किसी ने बचपन की शरारतें सुनाईं तो किसी ने परिवार और दोस्तों के साथ मनाई गई यादगार होली की बातें साझा कीं। इन यादों को सुनकर सभी के चेहरे पर मुस्कान खिल उठी और पूरा माहौल ठहाकों से गूंज उठा। इस अवसर पर पारंपरिक होली गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों ने उत्सव में और भी रंग भर दिए। सभी सदस्याओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं और प्रेम, एकता तथा खुशियों का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने यह संकल्प लिया कि होली के इस पावन पर्व को जीवन में प्रेम, सकारात्मकता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ मनाया जाएगा। हँसी-खुशी, अपनत्व और उल्लास से भरे इस आयोजन ने सभी के दिलों में होली की मधुर यादें और भी गहरी करी।

## पुलिस की मानवीय पहलः ठंड में पन्नी ओढ़कर सो रहे बुजुर्ग को रैन बसेरा पहुंचाया



**छतरपुर।** जिला अस्पताल परिसर में शुक्रवार रात करीब 10 बजे गश्त कर रही सिटी कोतवाली पुलिस ने मानवता की एक अनुपम मिसाल पेश की। गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों को अस्पताल के पास सड़क किनारे एक बुजुर्ग व्यक्ति पन्नी ओढ़कर सोता हुआ मिला। ठंड के मौसम और असुरक्षित परिस्थितियों को देखते हुए ड्यूटी पर तैनात आरक्षक राजेश बागरी और रोहित साहू ने तुरंत कार्रवाई की।

दोनों पुलिसकर्मियों ने बुजुर्ग से बातचीत कर उसकी स्थिति समझी और उसे ठंड तथा असुरक्षा से बचाने के लिए तत्काल निर्णय लिया। उन्होंने बुजुर्ग को सुरक्षित तरीके से शहर के रैन बसेरे पहुंचाया, जहां उसकी रात गुजारने की उचित व्यवस्था कराई गई।

कोतवाली टीआई अरविंद दांगी ने बताया कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं है, बल्कि समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करना भी है। इस घटना से पुलिस की संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण का संदेश मजबूती से सामने आया है। ऐसे कार्य न केवल समाज में विश्वास बढ़ाते हैं, बल्कि पुलिस और जनता के बीच मजबूत सेतु का काम भी करते हैं।

## रमेश चक्रवर्ती का आकस्मिक निधन



**हिण्डोरिया।** नगर हिण्डोरिया के मीडिया मित्र होशियार चक्रवर्ती एवं भरत चक्रवर्ती के पिता 55 वर्षीय रमेश कुमार चक्रवर्ती का हृदय गति रूकने के कारण आकस्मिक निधन हो गया है। इनकी अंतिम शवयात्रा मे सभी वर्गों के लोगों ने भाग लेकर मृत आत्मा की शांति के लिये श्रृध्दांजलि अर्पित की। एवं शोकाकुल परिवारों को ढाढस बंधाया।

# महिला उत्थान मंडल ने सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**

विश्व महिला दिवस निमित्त महिला उत्थान मंडल दमोह द्वारा संत श्री आशारामजी बापूजी की शीघ्र स्थायी रिहाई और अहमदाबाद (मोटेरा) आश्रम की पवित्र भूमि की रक्षा के लिए महिला उत्थान मंडल द्वारा हाल ही में देशभर में ज्ञापन सौंपे गए इसी श्रृंखला में दमोह में भी महिला उत्थान मंडल द्वारा कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन दिया गया। महिला उत्थान मंडल की सदस्य मांग कर रही हैं कि संत श्री आशारामजी बापू को सम्मानपूर्वक रिहा किया जाए और मोटेरा, अहमदाबाद स्थित आश्रम की जमीन का अधिग्रहण न किया जाए, उसे यथावत रखा जाए। महिलाओं ने जिला कलेक्टरों के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री (गुजरात) और राज्यपाल (गुजरात) के नाम ज्ञापन सौंपे हैं। मंडल की महिलाओं का कहना है कि बापूजी निर्दोष हैं और पिछले 13 वर्षों से उनके साथ अन्याय हो रहा है, इसलिए उन्हें शीघ्र न्याय मिलना चाहिए। एक झूठे आरोप के चलते आखिर एक निर्दोष वयोवृद्ध संत जिनका स्वास्थ्य भी ठीक नहीं है और जिन्होंने संस्कृति की रक्षा के लिए अपना सारा जीवन लगा दिया जिनकी प्रेरणा से अनेकों सेवाकार्य आज भी उनके शिष्यों द्वारा चलाए जा रहे है जैसे 25 दिसम्बर तुलसी पूजन दिवस, 14 फरवरी मातृ-पितृ पूजन दिवस, तुलसी पौधे वितरण, जल, शरबत, कम्बल, आदि जरूरत की चीजों का वितरण, गौ सेवा,भंडारे आदि संस्कृति रक्षा के कार्य पूरे देशभर में चलाए जाते है जिनका अहमदाबाद (मोटेरा) आश्रम द्वारा ही सारे देश ,विदेश के आश्रमों का संचालन होता है उसकी भी रक्षा हो उसे यथावत रहने दिया जाए एवं संत श्री आशारामजी बापू की शीघ्र व सम्मानपूर्वक स्थायी रिहाई हो एवं महिलाओं की सुरक्षा हेतु बनाए गए कानूनों को रोकने हेतु प्रभावशाली नीति बनाकर क्रियान्वित करवाए इससे लोकतंत्रों के स्तंभों के प्रति हमारा और देश की जनता का विश्वास भी सुदृढ़ होगा महिला उत्थान मंडल से मालती वाजपेयी, किरन ठाकुर, कविता चंदानी, महक कुंदनानी, बानी कुंदनानी, भावना छत्तानी, दिव्या वासवानी, लक्ष्मी छत्तानी, श्री योग वेदांत सेवा समिति से भरत कुंदनानी, लालचंद नोतानी, मनोज वासवानी, दिनेश छत्तानी, दीपेश कुंदनानी आदि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## किसान आईडी से भूमि का विवरण पोर्टल पर दिखेगा

**दमोह।** किसान कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन पर दमोह जिले में उर्वरक वितरण की पारदर्शी, सरल,सुगम एवं उत्तरदाई व्यवस्था की ई-विकास प्रणाली( वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) के माध्यम से ई- टोकन बुकिंग कर उर्वरक वितरण व्यवस्था को 1 मार्च 2026 से लागू कर दिया गया है। परियोजना संचालक आत्मा एवं सहायक संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग जिला दमोह जे.एल. प्रजापति द्वारा बताया गया कि उर्वरक वितरण की इस व्यवस्था से डबल लॉक केंद्रों, एमपी एग्रो, मार्केटिंग समिति, सहकारी समितियों तथा निजी विक्रेताओं से क्रय किया जा सकता हैं। श्री प्रजापति ने बताया कि उर्वरक प्राप्ति हेतु किसान बंधुओं को ई- विकास पोर्टल के यूआरएल या क्यूआर कोड स्केन कर पोर्टल पर कृषक ई टोकन जनरेशन लॉगिन के माध्यम से आधार कार्ड नंबर डालकर तथा ओटीपी डालकर पोर्टल पर लॉगिन कर पंजीयन करना होगा। इसके पश्चात किसान आईडी (एग्री स्टॉक आईडी) से भूमि का विवरण पोर्टल पर दिखेगा किसान को खसरे में सीजन और फसल का चयन करना होगा इसके पश्चात भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की अनुशंसा के आधार पर फसल वार उर्वरक की गणना पोर्टल पर प्रदर्शित होगी पश्चात डीलर का चयन कर सबमिट करने पर आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर पर कूपन(टोकन) प्राप्त होगी। सिकमी धारी,पट्टाधारी, ट्रस्टी एवं अन्य कृषक भी इस पोर्टल के माध्यम से उर्वरक क्रय कर सकते हैं, ऐसे किसानों का पोर्टल पर सत्यापन एसडीएम करेंगी तत्पश्चात सिकमी धारी,पट्टाधारी, ट्रस्टी एवं अन्य किसान उर्वरक प्राप्ति हेतु टोकन बुक कर सकते हैं। टोकन प्राप्ति के कृषक को तीन दिवस के अंदर चयनित फुटकर विक्रेता के पास कूपन दिखाना होगा ।

### जिले के इतिहास में पहली बार एक भी नकल का प्रकरण परीक्षा में नहीं बना

# बोर्ड परीक्षाओं का समापन, विद्यार्थियों के चेहरे पर दिखी राहत की खुशी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का समापन 7 मार्च को हिंदी के पेपर के साथ हुआ। दोपहर 12 बजे परीक्षा समाप्त होने के बाद परीक्षा केंद्रों के बाहर छात्रों के चेहरों पर राहत नजर आयी। अधिकांश छात्रों ने पेपर को मध्यम स्तर का बताया। परीक्षा के बाद हटा के एक्सीलेंस स्कूल में परीक्षा केंद्र पर छात्रों ने बताया कि इस साल बहुत मेहनत की है। यह देखकर खुशी होती - है कि उनकी बोर्ड परीक्षाएं अच्छे अनुभव के साथ समाप्त हुईं। अपनी तरफ से शिक्षक भी उतनी ही मेहनत करते हैं। हिंदी के पेपर में जिन छात्रों ने साहित्य को ध्यान से पढ़ा और पिछले कुछ दिनों में अच्छे से रिविजन किया, उन्हें प्रश्न आसान लगे होंगे। परीक्षा केंद्र के बाहर शिक्षक रुके एक छात्र ने कहा, हमने काफी मेहनत की थी। स्कूल क्लासेस से बहुत मदद मिली। जो पढ़ाया था, वही आया। शिक्षकों ने जो अतिरिक्त प्रश्न करवाए थे, उनमें से कुछ के पेपर में भी दिखाई दिए। परीक्षा समाप्त होने के साथ ही अब छात्र परिणाम की प्रतीक्षा करेंगे और अगली शैक्षणिक यात्रा की तैयारी शुरू करेंगे।

### 10 वी और 12 वी परीक्षाए शांति पूर्वक, निष्पक्ष, निर्विघन तरीके से सम्पन्न होने पर कलेक्टर ने दिया धन्यवाद

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया आज बारह वीं का हिंदी का पेपर था और इसी के साथ माध्यमिक शिक्षामंडल की बारह वीं की परीक्षाएं आज समाप्त हो गई और दसवीं की परीक्षाएं कल एक दिन पहले समाप्त हो चुकी थी। मुझे आपको बताते हुए बहुत खुशी हैं कि इस बार परीक्षाए निष्पक्ष, निर्विघन और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। उन्होंने कहा इन परीक्षाओं की तीन-चार बड़ी विशेषताओं में दमोह जिले के लिए ऐतिहासिक हैं। उन्होंने कहा पहली विशेषता यह कि इस बार प्राइवेट स्कूल और सरकारी स्कूल सभी जगह 100 प्रतिशत परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की सतत निगरानी के अंदर हुई है, नंबर दूसरा इस बार दमोह जिले के इतिहास में पहली बार है की जब एक भी नकल का प्रकरण परीक्षा में नहीं बना है ये इस शक्ति का ही परिणाम है कि एक भी नकल का प्रकरण नहीं बना है। तीसरी बहुत महत्वपूर्ण बात जो की दमोह जिले में पहली बार हुई है की दसवी और बारहवीं के परीक्षार्थियों में से एक भी परीक्षार्थी को जमीन पर बैठकर परीक्षा देनी नहीं पड़ी, हर परीक्षार्थी के लिए बेंच और टेबल की व्यवस्था कराई गई थी। चौथी बात इस बार परीक्षा केंद्रों की संख्या में वृद्धि की और इस कारण से परीक्षा केंद्र के सम्बन्ध में एक भी शिकायत इस साल नहीं मिली। पांचवी बात इस बार परीक्षा पर चर्चा का एक वृहद्ध कार्यक्रम अभियान चलाया था जिसमें सम्मानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, स्कूल-स्कूल जा करके बच्चों के साथ मिले और फिर परीक्षाओं के समय में हमने बच्चों को परीक्षा केंद्र पर उनका भव्य स्वागत का कार्यक्रम भी रखा। इस बार यह पांच विशेषताए पूरी परीक्षाओं की थी जिन्होंने पिछली परीक्षाओं से इस अलग बनाया। कलेक्टर श्री कोचर ने विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह साबित किया की मेहनत और लगन से परीक्षा देने का परिणाम क्या होता है, इसी का परणाम रहा कि परीक्षा केंद्रों पर कहीं पर भी कोई नकल की सामग्री विद्यार्थी लेकर नही आये, नकल नहीं हुई और बहुत ही शांतिपूर्ण निविर्घन तरीके से परीक्षा संचालित हुई। उन्होंने अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा बच्चों को इस तरीके से तैयार किया कि हमारे बच्चों ने किसी प्रकार की सामग्री का उपयोग परीक्षाओं में नहीं किया। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी और उनकी पूरी टीम, परीक्षा प्रभारी और उनकी पूरी टीम उन्होंने रात-दिन एक करके इस परीक्षा को सफल बनाया। उन्होंने कहा एक प्रयोग किया जो कि पहली बार हुआ कि कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक बड़ा कंट्रोल रूम बनाया था जो कि सुबह 06 चालू हो जाता था और सुबह 09:30 बजे तक चलता था, जब तक कि सारे पेपर व्यवस्थित रूप से जाते और परीक्षा ठीक तरीके से संचालित हो जाती। तो यह भी हमने एक नया प्रयोग किया जो की पहली बार इस जिले के अंदर हुआ है। मैं उन कंट्रोल रूम वाले जो प्रभारी थे उन सभी लोगों को, उन सभी कर्मचारी को जिन्होंने इसमें पूरे पेपर के समय में मॉनिटरिंग की उनको बधाई देना चाहता हूं, धन्यवाद देना चाहता हूं।

## परीक्षा के बाद नंबरों की चिंता न करें, भविष्य की योजना बनाएं: कलेक्टर

**करियर मार्गदर्शन के लिए दमोह हेल्पलाइन पर संपर्क करने की अपील**

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राओं से कहा है परीक्षा के बाद अब नंबरों की चिंता करने के बजाय अपने भविष्य की योजना बनाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि 12वीं की परीक्षाएँ समाप्त हो चुकी हैं और रंगपंचमी का पर्व भी आ रहा है। ऐसे में विद्यार्थी खुशी से होली का त्योहार मनाएं और एक-दो दिन आराम करने के बाद अपने आगे के लक्ष्य तय करने की दिशा में विचार करें। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि 10वीं के छात्र-छात्राएं अब यह सोचें कि 11वीं में उन्हें कौन-सा विषय लेना है और आगे की पढ़ाई कैसे करनी है। वहीं 12वीं की परीक्षा दे चुके विद्यार्थियों को अब अपने करियर को लेकर गंभीरता से योजना बनानी चाहिए तथा CUET, आईआईटी और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुट जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अक्सर परीक्षा के बाद कई विद्यार्थी घर पर बैठकर अपने नंबरों का अनुमान लगाते रहते हैं और किसी विषय में कम अंक आने की आशंका से तनाव में आ जाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि परीक्षा हो चुकी है और कॉपियाँ मूल्यांकन के लिए जा चुकी हैं, ऐसे में अब परिणाम को लेकर चिंता करने का कोई लाभ नहीं है। कलेक्टर श्री कोचर ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपना ध्यान भविष्य की योजना और लक्ष्य निर्धारण पर केंद्रित करें। यदि 10वीं के बाद विषय चयन या 12वीं के बाद करियर को लेकर किसी प्रकार की दुविधा हो, तो विद्यार्थी दमोह हेल्पलाइन 07812-350300 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा हेल्पलाइन के माध्यम से काउंसलर और शिक्षक विद्यार्थियों से संपर्क कर कर सकते है वे उचित मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

### कलेक्टर एसपी ने किया निरीक्षण

## दद्दा कला मंच पर होगा मुख्यमंत्री का कार्यक्रम



**हटा।** आगामी 11 मार्च को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में शामिल होने हटा पहुंचेंगे। उनके दौरे को लेकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री की आमसभा का आयोजन देव गौरीशंकर मंदिर परिसर के दद्दा मंच पर किया जाएगा, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं और आम नागरिकों के शामिल होने की संभावना है। दौरे की तैयारियों का जायजा लेने के लिए कलेक्टर सुधीर कोचर और पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी लगातार दूसरे दिन हटा पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने हटा विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक और भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे सहित पार्टी पदाधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ करीब तीन घंटे तक बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं पर मंथन किया। अधिकारियों ने देव गौरीशंकर मंदिर परिसर पहुंचकर सभा स्थल का निरीक्षण किया और मंगल भवन परिसर स्थित दद्दाधाम में साफ-सफाई, प्रवेश-निकास मार्ग और भीड़ प्रबंधन की व्यवस्थाओं के लिए नगर पालिका के उपयंत्री जाकिर और दीपक श्रीवास्तव को निर्देश दिए। दद्दा मंच को मुख्यमंत्री की आमसभा के लिए मुख्य मंच के रूप में तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री के मंदिर में दर्शन कार्यक्रम को देखते हुए मंदिर परिसर में प्रवेश-निकास मार्ग और सुरक्षा व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर सुधीर कोचर ने बताया कि मुख्यमंत्री के दोपहर लगभग 3 बजे हेलीकॉप्टर से आगमन की संभावना है और वे करीब साढ़े चार बजे तक हटा में रुकेंगे। हालांकि समाचार लिखे जाने तक हेलिपैड का अंतिम चयन नहीं हो सका था। प्रशासन गुरुकुल स्कूल के खेल मैदान और डाइट परिसर के मैदान में से किसी एक स्थल का चयन करने पर विचार कर रहा है। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने सुरक्षा की दृष्टि से हेलिपैड चयन में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यालय मंत्री भाजपा देवकीनंदन पटेल, नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोपाल पटेल, पिछड़ा मोर्चा के भोले सराफ, विधायक प्रतिनिधि लालचंद खटीक, एसडीएम राकेश मरकाम, तहसीलदार डॉ. आलोक जैन, पीडब्ल्यूडी उपयंत्री राकेश अग्रवाल, टीआई सुधीर बेंगी सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर नगर में राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है, वहीं महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की तैयारी भी शुरू कर दी गई है।

## विद्युत मंडल ने मनाया लाईनमेन दिवस



**दमोह।** म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. दमोह दक्षिण संभाग में लाईनमेन दिवस का आयोजन किया गया जिसमें मैदानी क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले लाईनमेनों को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एम. एल. साहू, कार्यपालन अभियंता द्वारा की गई जिसके मुख्य अतिथि अधीक्षण अभियंता अमित चौहान रहे। अधीक्षण अभियंता द्वारा समस्त लाईनमेन को लाईनमेन दिवस की शुभकामनायें दी गई एवं विधुत सुरक्षा संबंधी शपथ दिलवाई गई साथ ही प्रबंध संचालक महोदय का लाईनमेन दिवस का संदेश सुनाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ लाईनमेन, कनई पटेल, आबिद खान, सोनेलाल राय, भगवानदास पटेल ने अपने पूर्व के अनुभवों को समस्त लाईनमेनों के साथ साझा किया तथा कंपनी के हित में कार्य करने एवं उपभोक्ताओं से विनम्र भाषा में बात कर राजस्व संग्रहण की वसूली करने संबंधी अनुभवों को भी साझा किया। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा), दमोह वृत्त, कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा) दमोह दक्षिण संभाग, के साथ-साथ राघवेन्द्र इड़ापाची, सहायक अभियंता दमोह शहर, सुश्री शिवानी गुप्ता, कनिष्ठ अभियंता, श्रीमति पूजा खोबरोगढे, कनिष्ठ अभियंता, राजेश बियार, कनिष्ठ अभियंता भी उपस्थित रहें।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हो रहे विभिन्न कार्यक्रम



**दमोह।** टाईम्स महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अंतर्गत ऱफिट इंडिया वुमन्स वीकर का आयोजन 06 मार्च से 08 मार्च तक किया जा रहा है। जिसमें महाविद्यालय में विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम दिवस महिलाओं की आत्मरक्षा एवं सुरक्षा जागरूकता, कार्यक्रम, द्वितीय दिवस खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा 200 मी. दौड़ एवं महिला प्राध्यापकों द्वारा कुर्सी रेस में हिस्सा लिया गया। डॉ निशा सरवरिया द्वारा योग का महत्व बताते हुये नियमित रूप से योग करने की बात कही। साथ ही सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनायें दी।

## सामुदायिक भवन निर्माण का किया भूमिपूजन



**दमोह।** पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने ग्राम पंचायत खजरी के ग्राम लक्ष्मण कुटी मे 25 लाख रूपये की लागत से बनने वाले नवीन सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने लक्ष्मणकुटी धाम मे भगवान श्री हनुमान जी के दर्शन-पूजन अर्चन कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर



**तारादेही।** शुक्रवार को तारादेही थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोटखेड़ा ग्राम के पास स्थित व्यारमा नदी के पुल के पास एक तेज रफ्तार कार और बाइक की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। हादसे के बाद कार सड़क किनारे पलट गई है जबकि बाइक सवार को गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार हरि सींग पिता प्रहलाद सिंह लोधी उम्र 48 वर्ष निवासी कोटखेड़ा थाना तारादेही है जो कि शाम चार बजे तारादेही से अपने घर वापस कोटखेड़ा जा रहे थे लेकिन गांव के बाहर स्थित व्यारमा नदी पुल के पास अंधे मोड़ पर जल निगम के कर्मचारियों की तेज रफ्तार कार और बाइक की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार दूर जा गिरा साथ ही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो कर सड़क किनारे पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि कार जल निगम के कर्मचारी की है जिसमें जल निगम के दो कर्मचारी कोटखेड़ा ग्राम पानी की जांच व सप्लाई की जांच करने के लिए पहुंचे थे जहां से वापस आते समय बाइक सवार से टक्कर हो गई तारादेही पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### बरसात की परेशानी से मिलेगी राहत

## गिदरामाला में 49.74 लाख की पुलिया का भूमि पूजन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार**

जनपद पंचायत जबेरा अंतर्गत ग्राम गिदरामाला में लंबे समय से चली आ रही ग्रामीणों की मांग आखिरकार पूरी होने जा रही है। यहां करीब 49.74 लाख रुपये की लागत से बनने वाली कलवर्ट पुलिया का भूमि पूजन शनिवार को धर्मेंद्र सिंह लोधी ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। भूमि पूजन के अवसर पर मंत्री लोधी ने कहा कि बरसात के दिनों में पुरानी कच्ची पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। नई पुलिया के निर्माण से अब गांव के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और आवागमन सुगम हो सकेगा। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि इस मार्ग की कच्ची सड़क का जल्द ही पक्का डामरीकरण कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र के विकास को और गति मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। समापन के समय मंत्री लोधी ने गांव के लोगों के साथ दिवारी गीत गाते हुए नृत्य भी किया, जिससे पूरे कार्यक्रम का माहौल उत्सव जैसा हो गया और ग्रामीणों ने तालियों के साथ उनका स्वागत किया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि रूपेश जैन, मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, राजेश सिंघई, नीरज जायसवाल, सरपंच राघवेंद्र सिंह लोधी, डालसिंह लोधी, एसडीओ शिवाजी गोंड, ठेकेदार मनीष जैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित



**दमोह।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं महिला बाल विकास आयोग के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञान चंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में गठित जेंडर क्लब/ जेंडर फोरम के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और फिट इंडिया वुमन वीक 2026 के विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर 06 मार्च को विचार गोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें कुमारी श्वेता गर्ग शोधार्थी विश्वविद्यालय-देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार (उत्तराखंड) ने विषय मनोविज्ञान स्वाध्याय का महिलाओं के आत्म सम्मान पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव एवं नियंत्रण का केंद्र विषय पर विद्यार्थियों के समक्ष अपने विचार रखे। 07 मार्च को महाविद्यालय में छात्राओं को महिला दिवस पर शपथ दिलाई साथ ही छात्राओं ने खो-खो खेल खेला, स्वस्थ शरीर के लिए खेल बहुत आवश्यक है कि शिक्षा दी। छात्र एवं छात्राओं ने साईकिल रैली निकाली और महिलाओं को सम्मान, आत्मसम्मान और समान अवसर प्रदान करने की जागरूकता फैलाई। उक्त कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन के मार्गदर्शन में एवं जेंडर चैंपियन क्लब के संयोजक नाजनीन बेगम, डॉ. मंगल सिंह अहिरवार एवं राष्ट्रीय कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नेहा जैन के नेतृत्व में सम्पन्न हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार चौधरी (राष्ट्रीय सेवा योजना), डॉ. भगवानदास रैकवार, डॉ. अभिलाषा लोधी, डॉ. अनिल कुमार जैन आदि की गरिमामय उपस्थिति रही।

### माइसेम सीमेंट फैक्ट्री की अनूठी पहल

## शासकीय प्राथमिक शाला जगथर का हुआ कायाकल्प



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ**

शिक्षा और क्षेत्रीय विकास के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) को निभाते हुए, हीडलबर्ग मैटेरियल्स (मायसम सीमेंट इंडिया लिमिटेड) की नरसिंहगढ़ यूनिट द्वारा ग्राम जगथर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के जीर्णोद्धार का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। कंपनी के सीएसआर फंड के माध्यम से विद्यालय का पूरी तरह से कायाकल्प किया गया है। जीर्णोद्धार के तहत स्कूल भवन की मरम्मत, आधुनिक टाइल्स के साथ सुरक्षित पहुंच मार्ग (पाथवे), और दीवारों का आकर्षक रंग-रोगन किया गया है। इन कार्यों से न केवल स्कूल का वातावरण बेहतर हुआ है, बल्कि छात्रों के लिए एक सुरक्षित और प्रेरणादायक शैक्षणिक माहौल भी तैयार हुआ है। उल्लेखनीय है कि मायसम सीमेंट कंपनी द्वारा दमोह क्षेत्र में शिक्षा के साथ-साथ चिकित्सा, बुनियादी ढांचा और महिला उत्थान के क्षेत्र में भी निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। कंपनी प्रबंधन का मानना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करना ही क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की कुंजी है। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण विद्यालय भवन का पूर्ण जीर्णोद्धार एवं सुदृढ़ीकरण, परिसर में छात्र-छात्राओं की सुविधा हेतु पेवर टाइल्स युक्त रास्ते का निर्माण, स्वच्छता और बेहतर बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान, ग्राम जगथर के ग्रामीणों और शाला परिवार ने कंपनी के इस सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त किया है।